Series HMJ/1

SET-1

कोड नं.
Code No. **58/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| नोट | NOTE |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं । | (I) Please check that this question paper contains **15** printed pages. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (III) Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# अर्थशास्त्र (सैद्धान्तिक)

# ECONOMICS (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं — क और ख । सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1** से **10** और **18** से **27** अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । इनका उत्तर **एक शब्द** या **एक वाक्य** में दीजिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **11** और **12** और **28** और **29** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इनका उत्तर लगभग **60** से **80** शब्दों में दीजिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **13** से **15** और **30** से **32** भी लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इनका उत्तर लगभग **80** से **100** शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **16** और **17** और **33** और **34** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । इनका उत्तर लगभग **100** से **150** शब्दों में दीजिए ।*

*(vi)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए और साथ ही उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, एक-एक अंक वाले **दो** प्रश्नों में, तीन-तीन अंकों वाले **दो** प्रश्नों में, चार-चार अंकों वाले **दो** प्रश्नों में और छः-छः अंकों वाले **दो** प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर दीजिए ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

downloaded from StudentSuvidha.com

## खण्ड क

## (समष्टि अर्थशास्त्र)

**1.** अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिए, केन्द्रीय बैंक ________ सकता है ।

(सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) खुले बाज़ार में प्रतिभूतियाँ खरीद

(B) खुले बाज़ार में प्रतिभूतियाँ बेच

(C) नक़द आरक्षित अनुपात कम कर

(D) रेपो दर कम कर

**2.** उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित कथन सत्य है या असत्य :

"सरकारी बजट मौद्रिक नीति का एक महत्त्वपूर्ण साधन है ।" *1*

**अथवा**

विनिवेश सरकार की एक ________ (पूँजीगत/राजस्व) प्राप्ति है ।

(सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

(i) *This question paper comprises two sections – A and B. All questions are* ***compulsory****.*

(ii) *Question numbers* ***1 – 10*** *and* ***18 – 27*** *are very short-answer questions carrying* ***1*** *mark each. They are required to be answered in* ***one word*** *or* ***one sentence*** *each.*

(iii) *Question numbers* ***11 – 12*** *and* ***28 – 29*** *are short-answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answers to them should not normally exceed* ***60 – 80*** *words each.*

(iv) *Question numbers* ***13 – 15*** *and* ***30 – 32*** *are also short-answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answers to them should not normally exceed* ***80 – 100*** *words each.*

(v) *Question numbers* ***16 – 17*** *and* ***33 – 34*** *are long answer questions carrying* ***6*** *marks each. Answers to them should not normally exceed* ***100 – 150*** *words each.*

(vi) *Answers should be brief and to the point. Also the above word limit be adhered to as far as possible.*

(vii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in* ***2*** *questions of one mark,* ***2*** *questions of three marks,* ***2*** *questions of four marks and* ***2*** *questions of six marks. Only one of the choices in such questions have to be attempted.*

(viii) *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

downloaded from StudentSuvidha.com

## SECTION A
## (Macro Economics)

**1.** In order to control the money supply in the economy, the Central Bank may ________.

(Choose the correct alternative) *1*

(A) buy securities in the open market

(B) sell securities in the open market

(C) reduce cash reserve ratio

(D) reduce repo rate

**2.** State whether the following statement is true or false :

"Government Budget is an important monetary policy instrument." *1*

**OR**

Disinvestment is a ________ (capital/revenue) receipt of the government.

(Choose the correct alternative) *1*



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

3. प्रभावी माँग को परिभाषित करते हैं ________ ।

(उचित परिभाषा द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

4. ________ तथा ________ मुद्रा आपूर्ति के दो घटक हैं ।

(सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए) *1*

5. उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित कथन सत्य है या असत्य :

"अपेक्षित अप्रचलन को मूल्यह्रास में शामिल किया जाता है ।" *1*

6. राजकोषीय घाटे का अनुमान ________ सूत्र से लगाया जा सकता है ।

(सही सूत्र द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

7. कीन्स के अर्थशास्त्र सिद्धांतों के अनुसार, औसत उपभोग प्रवृत्ति का मान ________ कभी नहीं हो सकता है ।

(सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) शून्य

(B) इकाई (1)

(C) एक से अधिक

(D) एक से कम

downloaded from StudentSuvidha.com

8. ________ विदेशी मुद्रा की माँग के सबसे महत्त्वपूर्ण स्रोतों में से एक है ।

(सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

9. उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित कथन सत्य है या असत्य :

"कीन्स के सिद्धांतानुसार एक अर्थव्यवस्था में, पूर्ण रोज़गार की स्थिति कभी मौजूद नहीं हो सकती ।" *1*

10. 'व्यापार अधिशेष' को परिभाषित कीजिए । *1*



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**3.** Effective demand is defined as ________.

(Fill in the blank with the suitable definition) *1*

**4.** Two components of money supply are ________ and ________.

(Fill in the blanks with correct answers) *1*

**5.** State whether the following statement is true or false :

"Expected obsolescence is included in depreciation." *1*

**6.** Fiscal deficit can be estimated using the formula ________.

(Fill in the blank with the correct formula) *1*

**7.** According to the theory of Keynesian Economics, the value of Average Propensity to Consume can never be ________.

(Choose the correct alternative) *1*

(A) zero

(B) unity (1)

(C) more than one

(D) less than one

**8.** ________ is one of the most important sources of demand for foreign currency.

(Fill in the blank with the correct answer) *1*

**9.** State whether the following statement is true or false :

"As per Keynesian theory in an economy, full employment can never exist." *1*

**10.** Define 'Trade Surplus'. *1*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**11.** "अंतिम वस्तुओं के अंतर्गत केवल वे वस्तुएँ शामिल होती हैं, जो कि गृहस्थों द्वारा उपभोग की जाती हैं ।" दिए गए कथन का मान्य कारण द्वारा समर्थन अथवा खंडन कीजिए । *3*

**अथवा**

"आय का वर्तुल प्रवाह सिद्धांत इस पूर्वधारणा पर आधारित है कि एक व्यक्ति द्वारा किया गया व्यय दूसरे की आय बनती है ।" दिए गए कथन का वर्णन कीजिए । *3*

**12.** निम्नलिखित कथन का मान्य कारण द्वारा औचित्य सिद्ध कीजिए ।
"प्रत्याशित कुल माँग सदैव प्रत्याशित कुल पूर्ति के बराबर होती है ।" *3*

**13.** एक काल्पनिक संख्यात्मक उदाहरण का प्रयोग करते हुए, वाणिज्यिक बैंक द्वारा साख निर्माण की प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए । *4*

**अथवा**

"केन्द्रीय बैंक सरकार के बैंकर का कार्य करता है ।" दिए गए कथन का विस्तार से वर्णन कीजिए । *4*

**14.** "व्यापार सुगमता सूचकांक में भारत बड़ी छलाँग लगा रहा है, इसके फलस्वरूप कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ (MNC) अपने उत्पादन आधार को भारत में स्थानांतरित कर रही हैं ।"
उपर्युक्त कथन के आलोक में, विदेशी मुद्रा के प्रवाह और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके संभावित प्रभाव पर टिप्पणी कीजिए । *4*

**15.** (a) 'राजस्व व्यय' को परिभाषित कीजिए ।

(b) प्रत्यक्ष कर तथा अप्रत्यक्ष कर के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए । *1+3*

**16.** (a) निम्नलिखित आँकड़ों से 'स्टॉक में परिवर्तन' के मूल्य की गणना कीजिए : *4*

| क्र.सं. | मदें | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| (i) | बिक्री | 400 |
| (ii) | साधन लागत पर निवल मूल्य वृद्धि ($NVA_{FC}$) | 200 |
| (iii) | अनुदान (सब्सिडी/सहायिकी/अनुवृत्ति) | 10 |
| (iv) | स्टॉक में परिवर्तन | ? |
| (v) | मूल्यह्रास | 40 |
| (vi) | मध्यवर्ती उपभोग | 100 |


StudentSuvidha.com downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**11.** "Final goods include only those goods which are consumed by the households." Defend or refute the given statement with valid reason. *3*

**OR**

"Circular flow principle is based on the assumption that one's expenditure will become other's income." Explain the given statement. *3*

**12.** Justify the following statement, with valid reason.

"Ex-ante Aggregate Demand is always equal to Ex-ante Aggregate Supply." *3*

**13.** Using a hypothetical numerical example, explain the process of credit creation by a commercial bank. *4*

**OR**

"Central Bank acts as the banker to the government." Elaborate the given statement. *4*

**14.** "India is taking huge leaps in the index of Ease of Doing Business, as a result many MNCs are shifting their production base to India." In the light of the above statement, comment upon the flow of foreign exchange and its likely impact on the Indian Economy. *4*

**15.** (a) Define 'Revenue Expenditure'.

(b) Distinguish between Direct tax and Indirect tax. *1+3*

**16.** (a) Calculate the value of 'Change in Stock' from the following data : *4*

| S. No. | Items | Amount (in ₹ Crores) |
|---|---|---|
| (i) | Sales | 400 |
| (ii) | Net Value Added at Factor Cost ($NVA_{FC}$) | 200 |
| (iii) | Subsidies | 10 |
| (iv) | Change in Stock | ? |
| (v) | Depreciation | 40 |
| (vi) | Intermediate Consumption | 100 |

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(b) वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद को परिभाषित कीजिए । *2*

**अथवा**

(a) 'संपत्ति और उद्यमशीलता से आय' के तीन घटकों पर संक्षेप में चर्चा कीजिए । *3*

(b) 'बाह्यताएँ' क्या होती हैं ? उपयुक्त उदाहरणों सहित इसके प्रकार लिखिए । *3*

**17.** एक अर्थव्यवस्था में, यदि प्रारंभिक निवेश में ₹ 100 करोड़ की वृद्धि हुई है, यह मानते हुए कि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति 0·8 है, निवेश गुणक की कार्यपद्धति की चर्चा कीजिए । *6*

## खण्ड ख

## (भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास)

**18.** भारत की प्रथम सात पंचवर्षीय योजनाओं में भारत सरकार द्वारा ________ नीति का अनुगमन घरेलू उद्योगों के संरक्षण के लिए किया गया था ।

(सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

**19.** जैविक खेती के किसी एक लाभ का उल्लेख कीजिए । *1*

**20.** बताइए कि निम्नलिखित कथन सत्य है या असत्य :
"विगत कुछ दशकों में, भारत में प्राथमिक क्षेत्र ने सर्वाधिक रोज़गार के अवसर उत्पन्न किए हैं ।" *1*

**21.** ________ विश्व व्यापार संगठन (WTO) की पूर्ववर्ती संस्था थी ।

(सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD)

(B) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

(C) भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)

(D) व्यापार और सीमा शुल्क महासंधि (GATT)

**22.** भारत निम्नलिखित में से किस क्षेत्रीय/वैश्विक आर्थिक समूह का सदस्य ***नहीं*** है ?

(सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) यूरोपियन संघ

(B) BRICS (ब्रिक्स)

(C) G-20

(D) SAARC (सार्क)

**अथवा**


downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(b) Define Real Gross Domestic Product. *2*

**OR**

(a) Discuss briefly the three components of 'Income from Property and Entrepreneurship'. *3*

(b) What are 'externalities' ? State its types with suitable examples. *3*

**17.** In an economy, if initial investments are increased by ₹ 100 crores, discuss the working of investment multiplier presuming marginal propensity to consume is 0·8. *6*

## SECTION B

## (Indian Economic Development)

**18.** During India's first seven five-year plans, the Government of India adopted ________ policy to protect domestic industries.

(Fill up the blank with correct answer) *1*

**19.** Mention any one advantage of Organic farming. *1*

**20.** State whether the following statement is true or false :

"In the past few decades, primary sector has created maximum jobs in India." *1*

**21.** ________ was the predecessor organisation to World Trade Organisation (WTO).

(Choose the correct alternative) *1*

(A) International Bank for Reconstruction and Development (IBRD)

(B) International Monetary Fund (IMF)

(C) Reserve Bank of India (RBI)

(D) General Agreement on Tariffs and Trade (GATT)

**22.** India is ***not*** a member of which of the following regional/global economic grouping ?

(Choose the correct alternative) *1*

(A) European Union

(B) BRICS

(C) G-20

(D) SAARC

**OR**

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

पाकिस्तान ने वर्ष ___________ में अपने आर्थिक सुधारों की शुरुआत की थी ।

(सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) 1974

(B) 1976

(C) 1978

(D) 1988

**23.** बताइए कि निम्नलिखित कथन सत्य है अथवा असत्य :

"स्वयं सहायता समूह अतिलघु साख संगठन के उदाहरण हैं ।" *1*

**24.** 'ग्रेट लीप फॉरवर्ड' का मुख्य उद्देश्य चीन में ________ (प्राथमिक/द्वितीयक/तृतीयक) क्षेत्र में तेज़ी से वृद्धि सुनिश्चित करना था ।

(सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

**25.** 1991 में भारत में आर्थिक सुधारों को कार्यान्वित करने के किसी एक परिणाम का उल्लेख कीजिए । *1*

**26.** कालानुक्रमिक क्रम में निम्नलिखित घटनाओं को व्यवस्थित कीजिए तथा दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए : *1*

(i) चीनी जनवादी गणराज्य की स्थापना

(ii) पाकिस्तान का निर्माण

(iii) भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना

(iv) चीन की प्रथम पंचवर्षीय योजना

***विकल्प :***

(A) (i), (iv), (ii), (iii)

(B) (iii), (ii), (i), (iv)

(C) (ii), (i), (iii), (iv)

(D) (iv), (iii), (ii), (i)

**27.** स्वतंत्र भारत का प्रथम औद्योगिक नीति प्रस्ताव वर्ष ________ में घोषित किया गया था ।

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

(A) 1947

(B) 1948

(C) 1951

(D) 1956


downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

Pakistan introduced its economic reforms in the year __________ .

(Choose the correct alternative) *1*

(A) 1974

(B) 1976

(C) 1978

(D) 1988

**23.** State whether the following statement is true or false :

"Self-Help Groups (SHGs) are an example of a microcredit organisation." *1*

**24.** The main aim of 'Great Leap Forward' was to ensure rapid increase in _______ (primary/secondary/tertiary) sector in China.

(Choose the correct alternative) *1*

**25.** State any one outcome of implementation of Economic Reforms in India in 1991. *1*

**26.** Arrange the following events in chronological order and choose the correct answer from the given alternatives : *1*

(i) Establishment of People's Republic of China

(ii) Creation of Pakistan

(iii) First Five-Year Plan of India

(iv) First Five-Year Plan of China

***Alternatives :***

(A) (i), (iv), (ii), (iii)

(B) (iii), (ii), (i), (iv)

(C) (ii), (i), (iii), (iv)

(D) (iv), (iii), (ii), (i)

**27.** First Industrial Policy Resolution of Independent India was announced in the year _______.

(Fill in the blank with correct alternative) *1*

(A) 1947

(B) 1948

(C) 1951

(D) 1956

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**28.** "मानव पूँजी निर्माण नवोत्थान, आविष्कार तथा तकनीकी सुधारों को जन्म देता है ।" क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? मान्य तर्कों सहित अपने उत्तर का समर्थन कीजिए । *3*

**अथवा**

भारत में ग्रामीण विकास की प्रक्रिया में ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था की भूमिका का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए । *3*

**29.** वैध कारणों के साथ भारत और चीन के दिए गए आँकड़ों की तुलना व विश्लेषण कीजिए : *3*

| देश | जनसंख्या की वार्षिक वृद्धि दर (2015) | लिंगानुपात (प्रति हजार पुरुष) |
|---|---|---|
| भारत | 1·2% | 929 |
| चीन | 0·5% | 941 |

स्रोत : विश्व विकास संकेतक, 2015

**30.** "भारत को प्रायः विश्व का 'बाह्य प्रापण गंतव्य' कहा जाता है ।" भारत को दिए गए इस नाम के मुख्य कारणों की चर्चा कीजिए । *4*

**अथवा**

आयात प्रतिस्थापन का अर्थ लिखिए । स्पष्ट कीजिए कि आयात प्रतिस्थापन किस प्रकार घरेलू उद्योगों को संरक्षण प्रदान कर सकता है । *4*

**31.** (a) अंग्रेज़ों द्वारा भारत में किए गए किसी एक सकारात्मक योगदान का उल्लेख कीजिए ।

(b) स्वतंत्रता के समय भारत के विदेशी व्यापार के परिमाण और दिशा की जानकारी दीजिए । *1+3*

**32.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** को परिभाषित कीजिए : *2+2*

(a) पर्यावरण की अवशोषी क्षमता

(b) पर्यावरण की धारण क्षमता

(c) ग़रीबी रेखा (कैलोरी मानों के पदों में)

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**28.** "Human Capital Formation gives birth to innovation, invention and technological improvements." Do you agree with the given statement ? Support your answer with valid arguments. *3*

**OR**

Critically evaluate the role of rural banking system in the process of rural development in India. *3*

**29.** Compare and analyse the given data of India and China, with valid reasons : *3*

| Country | Annual Growth Rate of Population (2015) | Gender Ratio (Per thousand males) |
|---|---|---|
| India | 1·2% | 929 |
| China | 0·5% | 941 |

Source : World Development Indicators, 2015

**30.** "India is often called as outsourcing destination of the world." Discuss the prime reasons for this name given to India. *4*

**OR**

State the meaning of import substitution. Explain how import substitution can protect the domestic industries. *4*

**31.** (a) State any one positive contribution made by the British in India.

(b) Indicate the volume and direction of foreign trade of India at the time of Independence. *1+3*

**32.** Define any ***two*** of the following : *2+2*

(a) Absorptive Capacity of Environment

(b) Carrying Capacity of Environment

(c) Poverty Line (in terms of Calorific values)

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**33.** (a) नियमित वेतनभोगी कर्मचारियों में महिलाएँ कम क्यों हैं ? *3*

(b) भारत में कार्य बल के क्षेत्रीय वितरण में हाल की प्रवृत्तियों का विश्लेषण कीजिए : *3*

**रोज़गार पद्धति की प्रवृत्तियाँ (क्षेत्रवार), 1993 – 2012 (प्रतिशत में)**

| *क्षेत्रक* | *1993 – 94* | *1999 – 2000* | *2011 – 2012* |
|---|---|---|---|
| प्राथमिक | 64 | 60·4 | 48·9 |
| द्वितीयक | 16 | 15·8 | 24·3 |
| सेवा | 20 | 23·8 | 26·8 |

**34.** (a) "ग्रामीण भारत के लिए उज्ज्वला योजना प्रमुख परिवर्तक रही है ।" ऐसे किन्हीं तीन पारंपरिक ईंधनों का उल्लेख कीजिए, जिनके प्रयोग को कम करने की दिशा में एल.पी.जी. सिलेंडर वितरण योजना (उज्ज्वला योजना) कार्य कर रही है ।

(b) "स्वयं को ठीक करने के लिए भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली को सार्वजनिक व्यय की एक शक्तिशाली खुराक की आवश्यकता है ।" मान्य तर्कों द्वारा दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए । *3+3*

**अथवा**

भारतीय स्वतंत्रता से अब तक कार्यान्वित किए गए ग़रीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के परिणामों की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए । *6*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**33.** (a) Why are less women found in regular salaried employment ? *3*

(b) Analyse the recent trends in sectoral distribution of workforce in India : *3*

**Trends in Employment Pattern (Sector-wise), 1993 – 2012 (in %)**

| *Sector* | *1993 – 94* | *1999 – 2000* | *2011 – 2012* |
|---|---|---|---|
| Primary | 64 | 60·4 | 48·9 |
| Secondary | 16 | 15·8 | 24·3 |
| Services | 20 | 23·8 | 26·8 |

**34.** (a) "Ujjwala Yojana has been a game changer for rural India." State any three conventional fuels being targeted under the LPG cylinder distribution scheme (Ujjwala Yojana).

(b) "Indian Health System needs a stronger dose of public expenditure to cure itself." Justify the given statement with valid arguments. *3+3*

**OR**

Critically examine the results of Poverty Alleviation Programmes implemented in India since Independence. *6*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com